केन्द्रीय विद्यालय संगठन :

हैदराबाद संभाग

सामान्य संकलित मूल्यांकन –II

कक्षा : आठवीं अंक : 60

विषय हिंदी समय :2 ½ घंटे

(खण्ड-क)

I) अपठित गद्यांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए| **(5x1=5)**

मानव प्रकृति से बहुत कुछ सीख सकता है| सबसे बड़ी शिक्षा तो स्वार्थ रहित सेवा भावना की है| प्रकृति हमें अपना सब कुछ दान कर देती है परन्तु हम प्रकृति को बदले में क्या देते हैं? हमें भी प्राकृतिक सम्पदा की सेवा-संभाल व संरक्षण का ध्यान रखना चाहिए| परन्तु हम करते क्या हैं? हम बिलकुल विपरीत व्यवहार करते हैं| हम वनों का अंधाधुंध सफाया करते जा रहे हैं| पेड़ काटकर औद्योगिक परिसर, भवन, होटल तथा व्यापारिक स्थल बनाते जा रहे हैं| हम यह तथ्य भूलते जा रहे हैं कि इस प्रकार से संसाधन एक न एक दिन समाप्त हो जायेंगे| हमें पता है कि प्रकृति अपनी पुनर्पूर्ति कर सकने में समर्थ हैं परन्तु हम उसे इस पुनर्पूर्ति का समय ही नहीं देना चाहते| अत: हमें वन- सम्पदा की सेवा के लिए वनवर्धन करना चाहिए ताकि प्रकृति हमें और बेहतर ढंग से उपहार दे सके|

1. प्रकृति मनुष्य को क्या सन्देश देती है?

(क) स्वार्थ रहित सेवा भावना की शिक्षा देती है| **(ख)** स्वार्थ भावना की |

(ग) उपहार देने की | **(घ)** विपरीत व्यवहार करने की|

2. मनुष्य का प्रकृति के प्रति क्या कर्तव्य है ?

(क) वह प्राकृतिक सम्पदा की सेवा संभाल व् संरक्षण का ध्यान रखें| **(ख)** उसे मिटा दे |

(ग) वनों का सफाया करे| **(घ)** पेड़ काटकर भवन बनाये|

3. मनुष्य वनों का सफाया क्यों करता जा रहा है ?

(क) वन सम्पदा की सेवा के लिए| **(ख)** उसे बेहतर ढंग से सजाने के लिए|

(ग) भवन, होटल, तथा व्यापारिक स्थल बनाने हेतु| **(घ)** अपना कर्तव्य निभाने के लिए

https://www.evidyarthi.in

4. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए|

(क) प्रकृति और हम| **(ख)** प्रकृति से हानि **(ग)** वन का उपहार| **(घ)** पेड़ और उद्योग

5. औद्योगिक शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

(क) इक **(ख)** ईक **(ग)** गीक **(घ)** द्योगिक

II. अपठित पद्यांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर में से सही विकल्प चुनकर लिखिए: **(5x1=5M)**

मत काटो ये पेड़ , सचमुच तुम पछताओगे
बोलो फिर किसकी गोद में , सिर छिपाओगे ?
शीतल छाया, फिर कहाँ पाओगे?
कहाँ से पाओगे फिर फल? कहाँ से मिलेगा
शस्य-श्यामला को,सींचने वाला जल
रेगिस्तानों में, तब्दील हो जायेंगे खेत
बरसेंगे कहाँ से उमड़-घुमड़कर बादल?
थके हुए मुसाफिर, पाएँगे कहाँ से
श्रमहारी छाया|

1 पेड़ न रहने पर खेतों का क्या होगा?

(क) खेत भी नहीं रहेंगे|

(ख खेत रेगिस्तान बन जायेंगे|

(ग) खेतों की फसलें मिट जाएँगी|

(घ) खेतों को बादल जल नहीं देंगे|

2 शीतल छाया हमें किससे प्राप्त होती है ?

(क) जल

(ख) आकाश

(ग) पेड़

(घ) घर

3. तब्दील का अर्थ होगा---

(क) रुकना **(ख)** खो देना **(ग)** बदलना **(घ)** पछताना

https://www.evidyarthi.in

4. पेड़ों के न रहने का परिणाम क्या होगा ?

(क) छाया, फल और जल पृथ्वी पर नहीं रहेंगे |

(ख) खेत, रेगिस्तान और छाया खत्म हो जाएँगे |

(ग) बादल और वर्षा रहेंगे |

(घ) छाया, वस्त्र और अशोक के पेड़ नहीं रहेंगे|

(5). कवि ने छाया को श्रमहारी कहा -क्योंकि–

(क) वह मजदूरों की छाया है|

(ख) छाया थकान मिटाती है|

(ग) पेड़ छाया देते हैं |

(घ) मुसाफिर रास्ते में रुकते हैं|

(खण्ड- ख)

III. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : **(4x1=4)**

1.'आँखों से ओझल हो जाना' -मुहावरे का सही अर्थ चुनिए |

(क) क्रोध करना **(ख)** गायब हो जाना **(ग)** **दुखी** होना **(घ)** मुक्त होना

2. 'गुस्सा पीकर रह जाना' मुहावरे का सही अर्थ चुनिए |

(क) क्रोध को दबा लेना **(ख)** पानी पीना **(ग)** खुश होना **(घ)** डींग मारना

3. 'श्वेत' शब्द का विलोम शब्द चुनिए |

(क) उष्ण **(ख)** पीत **(ग)** श्याम **(घ)** लाल

4. 'अंतिम' का विलोम शब्द बताइए–

(क) मध्य **(ख)** इति **(ग)** अंत **(घ)** प्रारंभ

IV. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - **(4x1=4)**

1.'चंद्रमा' शब्द का समानार्थी शब्द चुनिए |

(क) भ्रमर **(ख)** मधुप **(ग)** शशि **(घ)** रवि

https://www.evidyarthi.in

2. मधुकर -- का पर्यायवाची शब्द क्या होगा ?

(क) भौंरा **(ख)** राका **(ग)** इंदु **(घ)** सूर्य

3. अधिकतर -शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?

(क) अ **(ख)** अधिक **(ग)** कतर **(घ)** तर

4.' अभिप्रेरित ' शब्द में उपसर्ग पहचानिये |

(क) अ **(ख)** अभि **(ग)** इत **(घ)** रित

V. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए | (4x1=4)

1. पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सो पग धोये |

(क) अनुप्रास **(ख)** रूपक **(ग)** अतिशयोक्ति **(घ)** यमक

2. ' अनुसूचित 'शब्द में उपसर्ग बताइए |

(क) अ **(ख)** अनु **(ग)** सूचित **(घ)** सूचना

3. मैं <u>मेहनत से</u> पढ़ता हूँ | रेखांकित कारक का प्रकार चुनिए |

(क) कर्ता **(ख)** कर्म **(ग)** करण **(घ)** संप्रदान

4.' माखन चुरानेवाला 'के लिए एक शब्द दीजिए |

(क) माखनचोर **(ख)** हरी **(ग)** सूरज **(घ)** गिरधर

(खण्ड -ग)

VI. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। 5

मुझे याद है कि अरबों वर्ष पहले मैं हद्रजन और ओषजन के रासायनिक क्रिया के कारण उत्पन्न हुई हूँ। उन्होंने आपस में मिलकर अपना प्रत्यक्ष अस्तित्व गँवा दिया है और मुझे उत्पन्न किया ै । मैं उन दिनों भाप के रूप में पृथ्वी के चारों ओर घूमती फिरती थी। उसके बाद न जाने क्या हुआ? जब मुझे होश आया तो मैंने अपने को ठोस बर्फ़ के रूप में पाया। मेरा शरीर पहले भाप रूप में था।वह अब अत्यंत छोटा हो गया था। वह पहले से कोई सतरहवाँ भाग रह गया था। मैंने देखा मेरे चारों ओर मेरे असंख्य साथी बर्फ़ बने पडे थे। जहाँ तक दृष्टि जाती थी बर्फ़ के अतिरिक्त कुछ दिखाई न पड़ता था। जिस समय हमारे ऊपर सूर्य की किरणें पड़ती थीं तो सौंदर्य बिखर पड़ता था।

https://www.evidyarthi.in

1 .बूँद किस तरह उत्पन्न हुई?

क.- हद्रजन और ओषजन की रासायनिक क्रिया के कारण

ख - धूप और चाँदनी के मेल से

ग - धूप और हद्रजन के संयोग से

घ. चाँदनी ,हद्रजन और ओषजन के संयोग से

2. बूँद का प्रारंभिक रूप कैसा था?

क- आग के रूप में ख- भाप के रूप में

ग- धुएँ के रूप में घ- वर्षा के रूप में

3. जब बूँद को होश आया तब उसने स्वयं को किस रूप में पाया?

क -पत्थर के रूप में ख- मिट्टी के रूप में

ग- बर्फ़ के रूप में घ- धूप के रूप में

4. बर्फ़ के कणों के ऊपर सूर्य की किरणें पड़ते ही क्या होता है?

क- पानी की बूँदों का सौंदर्य चारों ओर बिखर पड़ता ै

ख- जमीन पर ओले गिर पड़ते हैं

ग- मूसलाधार वर्षा होती है

घ- इनमें से कोई नहीं है

5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

क- अकबरी लोटा

ख- पानी की कहानी

ग- जहाँ पहिया है

घ- बाज और साँप

अथवा

मुंहमांगी मजूरी पर कौन मूजी तैयार न होता | " कच्च-कच्च " उसकी कैंची चल उठी थी, और चूहे की तरह "सर -सर" उसकी सूई कपडे के भीतर -बाहर होने लगी| बड़े मनोयोग से उसने दो टोपियाँ सिल दीं | खुश होकर दर्जी ने अपनी ओर से एक टोपी पर पांच फुंदने भी जड़ दिए| फुन्द्नेवाली टोपी पहनकर तो गवरइया जैसे आपे में न रही| डेढ़ टांगों पर ही लगी नाचने, फुदक -फुदककर लगी गवरा को दिखाने, "देख मेरी टोपी सबसे निराली .... पांच फुन्द्नेवाली |"

1. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(क) कामचोर (ख) पानी की कहानी (ग) टोपी (घ) सिनेमा ने बोलना सीखा

2. कितनी टोपियाँ सिली गई ?

(क) दो (ख) चार (ग) एक (घ) छः

https://www.evidyarthi.in

3- पाठ में कैंची की ध्वनि के लिए किस प्रकार की शब्दावली का प्रयोग किया गया है ?

क) सर -सर ख) कच्च- कच्च ग) टप -टप घ) धन-धन

4. टोपी पहनकर गवरइया की क्या प्रतिक्रिया थी ?

(क) वह डेढ़ टांग पर ही नाचने लगी

(ख) राजा से मुकाबला करने लगी

(ग) रोने लगी

(घ) वह अपनी चाहत के पूरा होने पर स्वयं हैरान थी |

(5) दर्जी ने टोपी पर कितने फुंदने लगाए?

(क) दो फुंदने (ख) चार फुंदने (ग) तीन फुंदने (घ) पांच फुंदने

VII- निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 5

कबीर घास न नींदिये, जो पाऊँ तलि होइ |
उड़ी पडै जब आंखि मैं, खरी दुहेली होइ ||

1. किसकी निंदा नहीं करनी चाहिए ? 1
2. "पाऊं तलि होई" से क्या तात्पर्य है ? 1
3. यदि आँख में घास या तिनका चला जाए तो कैसा अनुभव होता है ? 1
4. 'दुहेली' शब्द का अर्थ लिखिए | 1
5. इस दोहे के द्वारा कबीर क्या कहना चाह रहे हैं ? 1

अथवा

आगे चना गुरुमातु दए ते, लए तुम चाबि हमें नहिं दीने।
स्याम कह्यो मुस्काय सुदामा सों,"चोरी की बान में हौ जू प्रवीने।
पोटरि काँख में चाँपि रहे तुम, खोलत नाहिं सुधा रस भीने।
पाछिलि बानि अजौ न तजो तुम, तैसई भाभी के तंदुल कीन्हे॥"

1. कवि और कविता का नाम लिखिए। 1
२ गुरुमाता ने किन्हें चने दिए थे? 1
3. "चोरी की बान में हौ जू प्रवीने" किसने और किससे कहा? 1
4. कृष्ण ने सुदामा से यह क्यों कहा कि उसने अपनी पुरानी आदत अभी तक नहीं छोड़ी? 2

https://www.evidyarthi.in

VIII- संक्षेप में निम्नलिखित प्रश्नों मेँ से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए | **(5x2=10)**

1- बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था ?

2- पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फ़िल्मकार अर्देशिर एम ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली ? उन्होंने इसके लिए आधार कहाँ से लिया?

3 - 'कामचोर' कहानी क्या संदेश देती है ?

4- साइकिल आंदोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन मेँ कौन-कौन से बदलाव आए हैं ?

5- "तलवार का महत्व होता है म्यान का नहीँ" पंक्ति मेँ कवि क्या कहना चाहते हैं ?

6- सुदामा की दीन दशा देखकर श्री कृष्ण की क्या मनोदशा हुई

IX. निम्लिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए **(4x2=8)**

1. श्री रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की और इसकी क्या विशेषता है?
2. "भारत छोड़ो" का प्रस्ताव कब और किसके द्वारा रखा गया?
3. भारतीयों ने प्रथम बार खुले आम अंग्रेजों के विरुद्ध बगावत कब की?
4. टैगोर और महात्मा गांधी के विचारों में क्या समानता थी?
5. अबुल कलाम आजाद ने लोगों में चेतना लाने केलिए क्या किया?

(खण्ड-घ)

X. निम्लिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए --- **5**

1) प्रदूषण (2) हमारे त्योहार (3) आदर्श विद्यार्थी (4) मेरी प्रिय पुस्तक

XI शुल्क माफ़ कराने के लिए प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए | 5

(अथवा)

आगामी छुट्टियों में अपने मित्र को अपने यहाँ आने का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए |

---

https://www.evidyarthi.in